# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

अट्‌ठारहवें लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में प्रचार का शोरगुल आज शाम थम गया है। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। आज विभिन्न राजनीतिक दलों ने शाम ढलने से पूर्व विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में रोड–शो और जनसभाओं के माध्यम से अपनी–अपनी पार्टी को वोट देने की अपील की। पोलिंग पार्टियां और सुरक्षाकर्मी कल से ही पोलिंग बूथों पर रवाना होंगे। इसकी समस्त तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक इस चरण में कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर और मथुरा सीट पर सर्वाधिक पन्द्रह–पन्द्रह और बुलंदशहर में सबसे कम छः प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला एक करोड़ सड़सठ लाख सतहत्तर हजार एक सौ अट्‌ठानबे मतदाता करेंगे।

**********

प्रदेश में विभिन्न चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से चलाया जा रहा चुनाव अभियान अपने चरम पर है। ये सभी दल चुनावी जनसभाओं, रोड शो और जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर अपने–अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार यह दिखाया है कि सरकार अपनी उपलब्धियों के आधार पर भी जनता के बीच जा सकती है। यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश भर में अपार समर्थन मिल रहा है।

उधर, मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव के समर्थन में पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए परिवार ने विरोधियों के होश उड़ा दिये हैं। पश्चिम की हवा भारतीय जनता पार्टी का सफाया करने जा रही है। पिछली बार भी गठबंधन में हमने सीटें जीत लीं थी। इस बार भी ऐसा ही होगा। रालोद के अध्यक्ष जयंती चौधरी ने आज अमरोहा में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज समाजवादी पार्टी और इण्डिया गठबंधन के फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नवल किशोर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उधर, बहुजन समाज पार्टी के फर्रूखाबाद से प्रत्याशी क्रांति पाण्डेय और समाजवादी पार्टी की उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अन्नू टंडन, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर सच्चिदानन्द हरी साक्षी और बहुजन समाज पार्टी से अशोक कुमार पाण्डेय ने अपना–अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इनके अलावा उन्नाव लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी साक्षी महराज और शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र से संयुक्त विकास पार्टी के उम्मीदवार वैधराज किशन ने भी अपना नामांकन पत्र भरा। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि कल तक यानी पच्चीस अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच छब्बीस अप्रैल को होगी, उन्तीस अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में तेरह सीटों पर तेरह मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से आम जन को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। गोरखपुर में आज जिला निर्वाचन अधिकारी और नियंत्रक नागरिक सुरक्षा की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान मतदाता जागरूकता पत्रक भी वितरित किया गया ।

उधर, वाराणसी में सामाजिक संस्था सुबह–ए–बनारस क्लब की ओर से बीपी गुजरात विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज के परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पहले मतदान फिर जलपान के नारों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की। इसी क्रम में अमरोहा में आज स्वीप के अंतर्गत पिंक स्कूटी रैली निकाली गई। रैली को जोया से डायट प्राचार्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। समापन पर बेसिक विद्यालयों की शिक्षिकाओं ने नुक्कड़ नाटक किया और मतदाता शपथ दिलाई। मऊ जिले में भी मतदाता जागरूकता को लेकर तेजाब पीड़ित महिलाओं , ट्रांसजेंडरो और स्कूली बच्चियों ने कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आयेंगे। इस दौरान श्री शाह वाराणसी के पांच विधानसभा क्षेत्रों के करीब पांच हजार पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्षों से लोकसभा चुनाव में अब तक हुई तैयारियों की जानकारी भी लेंगे। गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री भी मौजूद रहेंगे।

**********

वैशाख प्रतिपदा तिथि पर आज विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के दरबार में श्रद्धा और भक्ति के बीच जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप स्थित गंगा नदी के पक्का घाट से गंगा जल लाकर देवी मां का जलाभिषेक किया। आज रात्रि में विशेष पूजन अर्चन भी किए जाएंगे।

**********